प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 07.11.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **घाटशिला उपचुनाव में झामुमो और भाजपा ने झोंकी ताकत, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झामुमो प्रत्याशी की जीत का किया दावा, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में किया रोड शो।**
2. **पीवीटीजी समुदायों के विकास को लेकर नीति आयोग के साथ 'सुपर 60' सेमिनार आयोजित, सेमिनार में झारखंड की योजनाओं और आदिवासी महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण पहल की हुई सराहना।**
3. **वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने पर राज्य समेत देशभर में स्मरण उत्सव का हुआ उद्घाटन, सभी जिलों में राष्ट्रीय गीत का हुआ सामूहिक गायन।**
4. **डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 4.0 के तहत डाल्टनगंज में डीएलसी शिविर का हुआ आयोजन, निदेशक ने पेंशनभोगियों को डिजिटल प्रमाण पत्र बनाने की समझाई प्रक्रिया।**
5. **हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने पर राज्य के कई जिलों में विशेष खेल का हुआ आयोजन, कार्यक्रमों में खिलाड़ियों की भागीदारी के साथ बेटियों की अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों की हुई सराहना।**

****

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में भाजपा और झामुमो दोनों पार्टियों ने प्रचार तेज कर दिया है। आज झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने धालभूमगढ़ के नरसिंगढ़ हाट मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन पर निशाना साधा और दावा किया कि झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन इस बार भारी मतों से जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि घाटशिला की जनता विकास चाहती है और राज्य में अब नौकरियों में 75 प्रतिशत रोजगार स्थानीय लोगों को मिलेगा।

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर आज पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के समर्थन में जादुगोड़ा मंडल में रोड शो किया जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। मौके पर श्री मुंडा ने जनता से बाबूलाल सोरेन को वोट देने की अपील की और कहा कि झारखंड की जनता भ्रष्टाचार और वादाखिलाफी वाली हेमंत सरकार से तंग आ चुकी है।

****

पीवीटीजी प्रखंडों के विकास और आजीविका सुदृढ़ीकरण के लिए नीति आयोग के साथ "सुपर 60" सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड और ओडिशा के पदाधिकारी शामिल हुए। सेमिनार में नीति आयोग की सचिव रंजना चोपड़ा और अतिरिक्त सचिव रोहित कुमार ने आदिम जनजातीय समुदायों के समग्र विकास, हाउसहोल्ड सैचुरेशन और महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर दिया। झारखंड में चल रही "दीदी की दुकान" और "दीदी का ढाबा" जैसी योजनाओं को सराहा गया जिनके माध्यम से आदिवासी महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक स्थिति मजबूत कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

****

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत रामगढ़ जिले में 2024 से अबतक 5 हजार 8 सौ 19 लोगो को प्रथम क़िस्त का भुगतान कर दिया गया है जिसमें 186 आवास पूर्ण हो चुका है और बाकी का काम तेजी से चल रहा है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

****

वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर राज्य समेत देशभर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके तहत पाकुड़ रेलवे स्टेशन पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पूर्व रेलवे हावड़ा के मंडल रेल प्रबंधक विशाल कपूर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान सामूहिक रूप से वंदे मातरम गीत का गायन किया गया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया।

वहीं गोड्डा के शहीद स्तंभ परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें उपायुक्त अंजली यादव, पदाधिकारी, वरीय नागरिक और आम लोगों ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम गीत गाया गया।

****

डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 4.0 के तहत डाल्टनगंज में डीएलसी शिविर का आयोजन किया गया। कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के निदेशक राकेश कुमार ने शिविरों का निरीक्षण किया और पेंशनभोगियों से संवाद किया। उन्होंने अति वरिष्ठ पेंशनभोगियों को डोरस्टेप डीएलसी सेवाएं प्रदान कीं और फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक के माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया समझाई।

****

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती के साथ, 22 सितंबर को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव से देशभर के नागरिकों को लाभ हुआ है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से त्रिपुरा की अर्थव्यवस्था को कैसे बढावा मिल रहा है।

****

हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सिमडेगा में हॉकी सिमडेगा की ओर से पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों की सहभागिता वाली हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने कहा कि देशभर में 500 से अधिक स्थानों पर ऐसे आयोजन हो रहे हैं और सिमडेगा ने हॉकी के क्षेत्र में देश को अनेक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दिए हैं।

इधर रामगढ़ के गांधी मैदान स्कूल में प्रदर्शनी मैच का आयोजन किया गया, जिसमें बॉयज और गर्ल्स की टीमों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामगढ़ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने कहा कि झारखंड की बेटियां हॉकी में विश्व स्तर पर पहचान बना रही हैं और सिमडेगा की नर्सरी जैसी और भी नर्सरी की आवश्यकता है।

****